एक नजर में

शिल्पा अंशुल मंडलोई डॉक्टरेट की उपाधि से अलंकृत

मन्दसौर। शिल्पा अंशुल मंडलोई को ''स्टडी ऑफ इंपैक्ट ऑफ इमोशनल इंटेलिजेंस एंड सेल्फ अवेयरनेस ऑन दी एकेडमिक अचीवमेंट्स ऑफ हाइयर सेकेंडरी स्कूल स्टूडेंट्स'' विषय पर किए गए अपने महत्वपूर्ण शोध कार्य के लिए मंदसौर यूनिवर्सिटी द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि पीएचडी प्रदान की गई। शिल्पा मंडलोई घनश्याम सिंह और चित्रा मंडलोई की पुत्रवधू है। शिल्पा मण्डलोई ने इस शोध हेतु 20 से अधिक स्कूलों के बच्चों के साक्षात्कार एवं तथ्य संकलन कर अपने अनुसंधान को सम्पन्न किया। इस अवसर पर कुलपति नरेंद्र नाहटा, उपकुलपति डॉ राजीव रंजन ठाकुर एवं शिक्षकों द्वारा शिल्पा के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना प्रेषित कर बधाइयां प्रदान की गईं।

मिशन हरित मंदसौर के अंतर्गत वार्ड कं 39 में किया गया वृहद पौधारोपण

मंदसौर। मिशन हरित मंदसौर के अंतर्गत नगर पालिका परिषद मंदसौर द्वारा वार्ड कं 39 की पार्षद भारती धीरज पाटीदार के नेतृत्व में बीकानेर चौराहे से यशनगर चौराहे तक डिवाइडर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डिवाइडर पर लगभग 100 से अधिक पौधों को लगाया गया। मिशन हरित मंदसौर के अंतर्गत हुए आयोजन में मंदसौर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी जी गुर्जर की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिन्होने भी पौधारोपण किया। वहीं इस जनभागीदारी अभियान में भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री श्री शिवराज सिंह जी राणा, उत्तर मंडल अध्यक्ष श्री अरविंद जी सारस्वत, सार्थक संस्था की डायरेक्टर डॉ. उर्मिला जी तोमर, पार्षद साथी श्रीमती आरती जी दवे, सार्थक संस्था के साथी सदस्यों सहित वार्ड की मातृशक्ति, वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इससे पूर्व इस अभियान के अंतर्गत सरदार पटेल उद्यान एवं नर्मदेश्वर उद्यान में पौधारोपण किया जा चुका है। पार्षद भारती पाटीदार ने बताया कि हम सभी का छोटा-सा प्रयास आने वाली पी?ियों के लिए एक हरा-भरा, स्वच्छ और सुंदर मंदसौर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसलिए लगातार मिशन हरित के अंतर्गत हमारे द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है एवं उन्हें ब?ा करने का संकल्प एवं जिम्मेदारी भी ली जा रही है।

कलेक्टर ने श्री पशुपतिनाथ लोक की प्रतिकृति का अनावरण किया

मंदसौर। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित में श्री पशुपतिनाथ लोक की प्रतिकृति का अनावरण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रीति, एसडीम पाटीदार जिला अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर गर्ग द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में विस्तारित गार्डन का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर गर्ग ने पारिजात के पौधे का रोपण भी किया।

प्रमुख चौराहों पर आवारा पशुओं का कब्जा

मंदसौर। शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं और कुत्तों की बढ़ती संख्या अब नागरिकों की सुरक्षा और नगर की स्वच्छता व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। बस स्टैंड, गांधी चौराहा, नगरपालिका कार्यालय के सामने सहित कई प्रमुख मार्गों पर दिनभर गाय, बैल, सांड और आवारा कुत्तों का जमावड़ा देखा जा सकता है। इससे यातायात प्रभावित हो रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।

शहरवासियों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा अलावदाखेड़ी में कांजी हाउस का निर्माण कराया गया है, लेकिन उसका अपेक्षित उपयोग नहीं होने से अधिकांश घुमंतू पशु सड़कों पर ही विचरण करते नजर आते हैं। कई स्थानों पर ये पशु कचरे के ढेर में भोजन तलाशते दिखाई देते हैं, जिससे स्वच्छता अभियान की प्रभावशीलता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

सबसे अधिक परेशानी बस स्टैंड क्षेत्र में देखी जा रही है। रात के समय कचरा समय पर नहीं उठने से यहां बड़ी संख्या में पशु और कुत्ते एकत्र हो जाते हैं। यात्रियों और राहगीरों को इनके बीच से गुजरना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका के साथ-साथ असुविधा भी बढ़ रही है।

फोटो पत्रकार अंसारी ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों की स्थिति को कैमरे में कैद किया है। उनके सहयोगी ने फोटो और वीडियो के माध्यम से शहर की मौजूदा तस्वीर सामने रखी है। इन दृश्यों में प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आवारा पशुओं तथा फैली गंदगी की स्थिति स्पष्ट दिखाई देती है।

शहर के नागरिकों का कहना है कि समस्या का समाधान केवल अभियान चलाने से नहीं, बल्कि नियमित और प्रभावी कार्रवाई से संभव है। उन्होंने मांग की है कि कांजी हाउस का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए, आवारा पशुओं को सड़कों से हटाकर सुरक्षित स्थानों पर रखा जाए, आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए तथा बस स्टैंड सहित सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर नियमित सफाई व्यवस्था लागू की जाए।

साईनाथ कॉलेज के छात्र- छात्राओं ने पुलिस चौकी में कॉलेज के खिलाफ दिया आवेदन

भैसोदामंडी। पुलिस चौकी में साईनाथ कॉलेज के छात्र छात्राओं ने एक आवेदन देकर स्नढ्ढक्रदर्ज करने की मांग उठाई है। छात्रों ने बताया कि कोर्स बीएमएलटी और बीपीटी वर्ष 2023-24 में एडमिशन लिया था। कालेज द्वारा हम सभी स्टुडेंट की प्रथम वर्ष की एक्जाम अभी तक नही करवाई गई है।

वहीआश्वसान देते रहते है कि अभी की एग्जाम को लेकर कोर्ट में केस चल रहा है। जिसका रिजल्ट दिनांक 28/07/26 को आ जायेगा। बाद आपकी एग्जाम हम करवा देंगे। उक्त कालेज द्वारा सभी स्टुडेंट की स्कालरशिप भी कालेज द्वारा आहरण कर ली गई है। दिनांक 28/07/26 को सभी छात्रों का एग्जाम के लिये कॉलेज द्वारा बुलाने पर उपस्थित हुऐ थे जो कालेज के टीचर नवीन चोहान द्वारा बोला गया कि आपको जो करना हो वो कर लो हम कुछ नही जानते है। कालेज के डायरेक्टर अशोक नागर के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज करने की मांग उठाई है। इस दौरान साथ में युवा नेता व पार्षद सुमित पाटीदार भी छात्रों के साथ नजर आये।

सोहरा इंडिया यूपीवीसी इंडस्ट्रीज परिसर में भव्य पौधारोपण अभियान आयोजित

मंदसौर। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से मंदसौर के समीप ग्राम जग्गाखे?ी में सोहरा इंडिया यूपीवीसी इंडस्ट्रीज द्वारा कंपनी परिसर में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधे लगाए और समाज को पर्यावरण बचाने का एक सशक्त संदेश दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कंपनी के संचालक सतीश मालवीय ने कहा कि पौधारोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण, शुद्ध वायु और हरित भविष्य सौंपने का दृढ संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज हमारे द्वारा रोपा गया एक पौधा आने वाले वर्षों में हजारों लोगों को जीवनदायिनी ऑक्सीजन, छाया और हरियाली प्रदान करेगा।

संचालक महेश मालवीय ने समाज के प्रत्येक नागरिक से भावुक अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, उसकी नियमित देखभाल करनी चाहिए और पर्यावरण संरक्षण के इस महाअभियान में अपनी सहभागिता निभानी चाहिए।

जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी 94 आवेदकों की समस्याएं

मंदसौर। जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने 94 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो। लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान आए विभिन्न प्रकरणों में त्वरित निर्देश जारी किए गए।

भगोर निवासी बसंती बाई ने वृद्धा पेंशन चालु करवाने के संबंध में आवेदन प्रस?ुत किया। जिस पर जनपद पंचायत सीईओ सितामऊ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साताखेड़ी निवासी रणसिंह ने ड्रोन सर्वे में सही नाम दर्ज करवाने के संबंध में आवेदन प्रस?ुत किया। जिस पर एसडीएम सितामऊ को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उदलाखेड़ी निवासी राधेश?याम ने जमीन प्राप?त करने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर एसडीएम गरोठ को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में आम रास?ता चालु करवाने, नामांतरण, करवाने, अतिक्रमण हटवाने, नया राशन कार्ड बनवाने, खसरा दुरूस?त करवाने एवं ड्रोन सर्वे में त्रुटी सुधार करवाने जैसे विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।

पूरे सीजन की पहली झमाझम बारिश से गाँधीसागर तरबतर

गाँधीसागर। लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को गाँधीसागर क्षेत्र में पूरे मानसून सीजन की पहली जोरदार झमाझम बारिश हुई। तेज बारिश से मौसम सुहावना हो गया और उमस व गर्मी से लोगों को राहत मिली।

बारिश से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं क्षेत्र के तालाबों नालों में भी पानी की आवक शुरू हो गई है तथा पहांडों से झरने बहने लगे।

बारिश के दौरान बच्चों और युवाओं ने भीगकर मौसम का आनंद लिया। लंबे इंतजार के बाद हुई इस बारिश ने क्षेत्रवासियों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी।

एक नजर | राहुल सांकृत्यायन की प्रतिमा तोड़ना वैज्ञानिक चेतना और लोकतंत्र पर हमला

मंदसौर में आयोजित संगोष्ठी में साहित्यकारों ने जताई कड़ी आपत्ति

मंदसौर। राहुल सांकृत्यायन की पद्म विभूषण प्राप्त मूर्धन्य साहित्यकार थे, पश्चिम बंगाल में उनकी मूर्ति को तो?ा जाना एक आतंक वादी घटना है,और जिन परिस्थितियों में उसे तोड़ा गया वह पूर्व नियोजित षडयंत्र के तहत की गई घटना थी यह कहा प्रगतिशील लेखक संघ इकाई मंदसौर अध्यक्ष एड.कीर्तिनारायण कश्यप ने। वे प्र.ले. सं. की एक संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि महापंडित की उपाधि प्राप्त एक महान साहित्यकार जो राहुल सांकृत्यायन की मूर्ति तोड़ा जाना भारत की प्रगतिशील, वैज्ञानिक और लोकतांत्रिक बौद्धिक परम्परा पर हमला है।इस घटना की निष्पक्ष जांच की जा कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाकर सरकार द्वारा प्रतिमा को पुन: उसी स्थान पर स्थापित किया जाना चाहिए।

प्र.ले. सं.राज्य सचिव मंडल सदस्य असअद अंसारी ने कहा कि हिंदी के महान साहित्यकार, इतिहासकार, दार्शनिक, भाषाविद, बौद्ध चिंतक, स्वतंत्रता सेनानी राहुल सांकृत्यायन ने 100 से अधिक पुस्तकों की रचना क्यूआर उन्हें उनकी पुस्तक मध्य एशिया का इतिहास नामक पुस्तक के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार तथा भारत सरकार द्वारा पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।उन्होंने यह संदेश दिया था कि ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती।वे वैज्ञानिक दृष्टिकोण,तर्क ,समानता और मानवता के प्रबल समर्थक थे।इकाई उपाध्यक्ष डॉ.स्वप्निल ओझा ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार राहुल सांकृत्यायन की मूर्ति हटा कर यह दिखाना चाहती है कि वो नया इतिहास लिखना चाहती है और ऐसे विश्व प्रसिद्ध साहित्यकार के साथ यह व्यवहार उचित नहीं है। यह प्रतिमा 1994 में उनकी जन्मशती पर रानीगंज मोड़ (राष्ट्रीय राजमार्ग 19) पश्चिम बर्धमान में स्थापित की गई थी।

इनका कहना

इप्टा सचिव हूर बनों सैफी ने कहा कि किसी महापुरुष की प्रतिमा केवल पत्थर या धातु का ढांचा नहीं होती बल्कि समाज की स्मृति संस्कृति और विचारधारा का प्रतीक होती है। प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य दिनेश बसेर ने मूर्ति खंडित करने वालों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। इकाई सचिव ब्रह्मजेश आर्य ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन की मूर्ति पर हमला ज्ञान विवेक ,वैज्ञानिक चेतना,सामाजिक न्याय और मानवीय मूल्यों पर हमला है।

नीमच

एक नजर में

जिला स्तरीय जनसुनवाई, शिकायत निवारण एवं सीएम हेल्पलाइन शिविर आयोजित

नीमच। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन जोन के निर्देशानुसार मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम, नीमच स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास के नेतृत्व में जिला स्तरीय जनसुनवाई, शिकायत निवारण एवं सीएम हेल्पलाइन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य लंबित शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना था। शिविर के दौरान जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता से सुनवाई की गई। पुलिस अधीक्षक श्री व्यास ने आवेदकों की समस्याएं सुनकर संबंधित थाना प्रभारियों को उनके त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएम हेल्पलाइन की लेवल-1, लेवल-2 एवं लेवल-3 की कुल 17 शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर उनका समापन किया गया। वहीं जिला स्तरीय जनसुनवाई में लगभग 87 फरियादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं, जिनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

आंगनवाड़ी मध्यान्ह भोजन समूहों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

नीमच/सरवानियां महाराज। आंगनवाड़ी केंद्रों में मध्यान्ह भोजन का संचालन करने वाले महिला स्व-सहायता समूहों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। ज्ञापन में समूह संचालकों ने कहा कि मध्यान्ह भोजन पकाने की लागत राशि समय पर उपलब्ध नहीं होने से योजना के संचालन में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही रसोइयों का मानदेय बढ़ाने और खाद्यान्न का नियमित आवंटन सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि रसोइयों के जून माह के 15 दिनों का मानदेय पिछले दो वर्षों से लंबित है, जिसे तत्काल जारी किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि समय पर भुगतान नहीं होने से समूह संचालकों और रसोइयों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, जिससे योजना का सुचारू संचालन प्रभावित हो रहा है। महिला स्व-सहायता समूह संगठन ने प्रशासन से मांग की कि लागत राशि का समय पर भुगतान, खाद्यान्न की नियमित उपलब्धता तथा लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आंगनवाड़ी मध्यान्ह भोजन योजना बिना किसी बाधा के संचालित हो सके। इस दौरान स्व-सहायता समूह संगठन की जिला सचिव आशा शर्मा (मालखेड़ा), जिला उपाध्यक्ष विद्या बाई पुरोहित (राजपुरिया), साधना बैरागी (कुकड़ेश्वर) सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

फसल बीमा भुगतान में गड़बड़ी का आरोप

नीमच। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को बीमा राशि के भुगतान में सामने आ रही विसंगतियों को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती किसानों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे।

जनसुनवाई के दौरान उन्होंने जिला पंचायत सीईओ, कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि विस्तार अधिकारियों से मुलाकात कर फसल बीमा भुगतान में कथित तकनीकी खामियों और अनियमितताओं पर सवाल उठाए।तरुण बाहेती ने आरोप लगाया कि शासन किसानों से फसल बीमा का प्रीमियम तो वसूलता है, लेकिन भुगतान के समय बीमा कंपनियों के साथ मिलकर किसानों को उनका अधिकार नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि जिले की कई पंचायतों में खरीफ-2025 की फसल खराब होने पर किसानों को शासन की ओर से मुआवजा दिया गया, लेकिन उसी फसल के लिए बीमा दावा शून्य प्रतिशत बताकर भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने इसे गंभीर विरोधाभास बताया। उन्होंने अधिकारियों से जिले की सभी पंचायतों में फसल नुकसान के आकलन, सर्वे रिपोर्ट और बीमा भुगतान का पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध कराने की मांग की। बाहेती का आरोप है कि अधिकारियों के पास यह स्पष्ट जानकारी नहीं थी कि किस पंचायत में कितना फसल नुकसान दर्ज हुआ और कितने प्रतिशत बीमा स्वीकृत किया गया। उन्होंने कहा कि यदि संबंधित रिकॉर्ड ही उपलब्ध नहीं है तो बीमा राशि का निर्धारण किस आधार पर किया गया।कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने यह भी सवाल उठाया कि अधिकारियों द्वारा सैटेलाइट आधारित आकलन की बात कही जा रही है, जबकि एक ही गांव में एक किसान को बीमा राशि मिल रही है और उससे लगे दूसरे किसान को शून्य भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि फसल खराब नहीं हुई थी तो मुआवजा क्यों दिया गया और यदि नुकसान हुआ था तो बीमा राशि क्यों रोकी गई। बाहेती ने मांग की कि फसल नुकसान के आकलन, पंचायतवार बीमा भुगतान और सर्वे से जुड़ी पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाए।

रात्रिकालीन बिजली कटौती के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

नीमच। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही रात्रिकालीन बिजली कटौती को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर लोड मैनेजमेंट के नाम पर की जा रही बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाने और नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि बिजली विभाग द्वारा रात के समय बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित की जा रही है, जिससे आमजन का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। उनका कहना है कि वर्तमान में वर्षा ऋतु के दौरान अंधेरे में सांप, बिच्छू और अन्य विषैले जीव-जंतुओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में अचानक बिजली गुल होने से किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश परिवार सीमित मात्रा में ही बिजली का उपयोग करते हैं, इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार रात्रिकालीन बिजली कटौती की जा रही है, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि बिजली कटौती का सबसे अधिक असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। वहीं उमस और अंधेरे के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों को भी रातभर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा लोड मैनेजमेंट के नाम पर की जा रही रात्रिकालीन बिजली कटौती को तत्काल बंद कराया जाए।

राज्य शासन के पदोन्नति आदेश के बाद उप जेल जावद में हुआ सम्मान समारोह

नीमच। राज्य शासन द्वारा उप जेल जावद में पदस्थ मुख्य प्रहरी राजेंद्र वर्मा को प्रमुख मुख्य प्रहरी तथा प्रहरी अवधेश सिंह भदौरिया, रामगिरी गोस्वामी एवं सूरज वर्मा को मुख्य प्रहरी पद पर पदोन्नत किए जाने के उपलक्ष्य में उप जेल जावद में गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में सहायक जेल अधीक्षक डॉ.अंशुल गर्ग ने पदोन्नत अधिकारियों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ.गर्ग ने कहा, कि कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट कार्यशैली के फलस्वरूप प्राप्त यह पदोन्नति अधिकारियों की कार्यकुशलता और समर्पण का सम्मान है।

एक नजर | आरटीसी नीमच में उत्साहपूर्वक मनाया गया सीआरपीएफ का 88वां स्थापना दिवस

शहीद मेघराज सैनी की स्मृति में 'शहीद वटिका' का किया लोकार्पण

नीमच। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 88वें स्थापना दिवस के अवसर पर रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर,नीमच में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित सैनिक सम्मेलन में पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं प्राचार्य आरटीसी श्री प्रमोद कुमार सिंह ने अधिकारियों, जवानों एवं उनके परिवारजनों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सीआरपीएफ के 88 वर्षों के गौरवशाली इतिहास, शौर्य, पराक्रम एवं राष्ट्र सेवा में बल के अतुलनीय योगदान का स्मरण किया। उन्होंने बल की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री प्रमोद कुमार सिंह द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर शहीद मेघराज सैनी की स्मृति में विकसित 'शहीद वटिका' का लोकार्पण उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अमर देवी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इसके उपरांत पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के संकल्प के साथ अधिकारियों एवं जवानों द्वारा सामूहिक रूप से 500 पौधों का पौधरोपण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन भी किया गया, जिनमें जवानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सभी जवानों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया।